Saahaj®

सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

CIN : U01403UP2014PTC066595

**रजिस्टर्ड कार्यालय: यूनिट नंबर 401-404, चतुर्थ तल, पदम कॉर्पोरेट पार्क, प्लॉट नंबर बीएस-10, सेक्टर-13, आवास विकास सिकंदरा योजना, आगरा – 282007, (यू.पी.)**

**दूरभाष: +91-562-662 3300, ई-मेल: info@saahajmilk.com, वेबसाइट: www.saahajmilk.com**

## नामांकन आमंत्रित करने हेतु सूचना पत्र

निम्नानुसार कंपनी की तेरहवीं वार्षिक आम सभा पर सहज मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड ("कंपनी") के बोर्ड में निदेशक के रिक्त पद को भरने के लिए 'नामांकन समिति' द्वारा विचार हेतु कंपनी के योग्य सदस्यों से नामांकन आमंत्रित करने के लिए सूचना पत्र दिया जाता है:

| सदस्य की श्रेणी | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|
| ए | 0 |
| बी | 1 |
| सी | 2 |

जो योग्य सदस्य आवेदन करने में रुचि रखते हैं उन्हें नामांकन फार्म तथा आवश्यक संलग्नकों सहित सभी संदर्भों को पूरी तरह से भर कर विधिवत हस्ताक्षरित प्रपत्र कंपनी सचिव के पास दिनांक 27 मई, 2026 को या उससे पहले व्यक्तिगत रूप से या रजिस्टर्ड डाक द्वारा या कोरियर द्वारा या अन्य इलैक्ट्रोनिक माध्यम से जमा करवाना होगा।

नामांकन प्रपत्र को व्यक्तिगत रूप से कंपनी के पंजीकृत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है या कंपनी की वेबसाइट **www.saahajmilk.com** से उपरोक्त प्रपत्र को डाउनलोड कर सकते हैं। किसी अन्य स्पषटीकरण के लिए, कृपया कंपनी सचिव से दूरभाष नं. +91-562-6623300 पर संपर्क करें।

कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार बोर्ड द्वारा समयानुसार निर्णय लिए जाने पर कंपनी के सदस्यों को कंपनी की तेरहवीं वार्षिक आम सभा बुलाने का नोटिस सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ भेजा जायेगा।

सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड
निदेशक मंडल के आदेशानुसार

दिनांक : 13 मई, 2026
जगह : आगरा

कंपनी सचिव

### नामांकन करने हेतु मुख्य नियम एवं शर्तें :

1. आवेदक सहज मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का "सदस्य" होना चाहिए तथा पिछले वर्ष उसी वर्ग से संबंधित होना चाहिए जिस वर्ग के लिए निदेशक पद पर रिक्ति है। साथ ही, उसने पिछले वर्ष की तुलना में या तो अपनी वही श्रेणी बनाए रखी हो या किसी उच्च श्रेणी में उन्नति की हो।
2. आवेदन कंपनी के बहिर्नियम एवं अंतर्नियम के अनुच्छेद 9.6 (iii) एवं 9.16 के प्रावधानों को पूरा करता हो।
3. आवेदक की योग्यता को न्यूनतम 10 एमपीपी के 25 समान श्रेणी वर्ग के सदस्यों (जो तेरहवीं वार्षिक आम सभा में वोट देने के योग्य हों) के द्वारा प्रस्तावित होना चाहिए।
4. आवेदक के पास पैन कार्ड होना अनिवार्य है।
5. आवेदक को कंपनी के बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रपत्र के साथ स्व–घोषणा देनी होगी। साथ ही सभी आवश्यक स्व–प्रमाणित दस्तावेज (जैसे–आयु, शैक्षणिक योग्यता, पता/पहचान पत्र, पैन कार्ड, अंश प्रमाण पत्र की प्रति आदि) स्वयं व्यक्तिगत रूप से या रजिस्टर्ड डाक या कोरियर या अन्य इलैक्ट्रोनिक माध्यम के द्वारा कंपनी कार्यालय में जमा कराने होंगे।
6. कंपनी द्वारा आवेदक को सूचना देने पर उसे नामांकन समिति के समक्ष साक्षात्कार के लिए कंपनी कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से या वीडियो कान्फ्रेंसिंग या किसी भी ओडियो विजुअल के माध्यम से उपस्थित होना होगा।
7. आवेदक द्वारा नामांकन 30 मई, 2026 से पूर्व वापिस लिया जा सकता है।